# DHL GROUP आपूर्तिकर्ताओं के लिए आचारसंहिता

DHL Group दुनिया की प्रमुख रसद (Logistics) कंपनी है। **DHL Group** लोगों और बाजारों को जोड़ने के साथ ही वैश्विक व्यापार का एक प्रवर्तक है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में ग्राहकों, कर्मचारियों और निवेशकों की पहली पसंद बनना है। DHL Group दो मजबूत ब्रांडों का संयोग है: जहां DHL के अंतर्गत पार्सल और अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा, माल परिवहन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सेवाओं की एक व्यापक श्रेणी प्रदान की जाती है, साथ ही साथ ई-कॉमर्स से जुड़ी हुई सेवाओं का भी रसद समाधान प्रदान किया जाता है, वहीं Deutsche Post डाक और पार्सल सेवा प्रदान करने वाली यूरोप की एक प्रमुख कंपनी है । DHL Group अपने कार्बन उत्सर्जन /फुटप्रिंट को कम से कम रख कर, पर्यावरण को सुरक्षित, समावेशी और जलवायु परिवर्तन के प्रकोप से बचाने साथ ही उन समुदायों का समर्थन करने, तथा विश्वसनीय, पारदर्शी और वैध व्यावसायिक परम्पराओं का पालन करते हुए विश्व समुदाय में अपना एक महत्वपूर्ण योगदान देता है।

हम अपनी संपूर्ण गतिविधियों से जुड़ी हुई अपनी अपने सभी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से वाकिफ हैं, तथा हम अपने व्यावसायिक कार्यों में भी अपने तय नैतिक मापदंडों का कड़ाई से पालन करते हैं,साथ ही हम अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से, जिनमें उप-आपूर्तिकर्ता भी शामिल हैं, आशा और अपेक्षा करते हैं कि सभी कंपनियां चाहे DHL Group के किसी भी कंपनी या इसके विभिन्न इकाइयों के साथ जुडी हों, एक समान एक ही नैतिक मापदंडों का पालन करेंगी। इस उद्देश्य की पूर्ती के लिए ही DHL Group ने इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (SCoC) का प्रकाशन किया है, जो किसी भी समूह की कंपनी या व्यापार की इकाई के साथ व्यापार करने के लिए न्यूनतम मानक मापदंड निर्धारित करता है।

DHL Group is the world's leading logistics company. The Group connects people and markets and is an enabler of global trade. It aspires to be the first choice for customers, employees and investors worldwide. DHL Group is home to two strong brands: DHL offers a comprehensive range of parcel and international express service, freight transport, and supply chain management services, as well as e-commerce logistics solutions. Deutsche Post is Europe's leading postal and parcel service provider. The Group contributes to the world by taking action to minimize its environmental footprint, to provide a safe, inclusive and engaging working environment, to support the communities it operates in, and to follow trusted, transparent and compliant business practices.

We are fully aware of our responsibilities because of our activities thus, we have given ourselves a strict set of ethical standards to guide us in our business practices.

We expect all of our suppliers, including subcontractors, i.e. all companies who do business with any company or division of DHL Group, to adhere to the same ethical standards. For this purpose, DHL Group has produced this Supplier Code of Conduct (SCoC), which sets the minimum standards for doing business with any Group company or Business Unit.

## कानून एवं नैतिक मापदंड

आपूर्तिकर्ता अपने व्यवसाय पर लागू सभी कानूनों का अनुपालन करेंगे। आपूर्तिकर्ता अपने कार्यों में, राष्ट्रीय कानूनों और व्यवहार के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र विश्वस्तरीय समझौता, संयुक्त राष्ट्र वैश्विक मानवाधिकार अधिघोषणा, संयुक्त राष्ट्र व्यापार के तत्व और मानवाधिकार, बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए OECD दिशानिर्देश और साथ हीं मौलिक सिद्धांत और अधिकार के लिए 1998 के अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन घोषणा का समर्थन करेंगे। यह विशेष रूप से लागू होता है:

## LAWS AND ETHICAL STANDARDS

The supplier shall comply with all laws applicable to its business. The supplier shall support the principles of the United Nations Global Compact, the UN Universal Declaration of Human Rights, the UN Principles on Business and Human Rights, the OECD Guidelines for Multinational Enterprises as well as the 1998 International Labor Organization Declaration on Fundamental Principles and Rights at Work, in accordance with national laws and practice. This especially applies to:

## मानवाधिकार और निष्पक्ष श्रम आचरण

### बाल श्रम

आपूर्तिकर्ता किसी भी देश या स्थानीय अधिकार क्षेत्र में रोजगार के लिए निर्धारित कानूनी उम्र से नीचे के उम्र के बच्चों को कामकरने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। आपूर्तिकर्ता 15 वर्ष की न्यूनतम आयु को श्रम कानूनों के अंतर्गत बाल श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों को कठोरतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगे, वहां भी जहाँ स्थानीय कानून के अनुसार छोटे बच्चों को नौकरी पर रखने की अनुमति देता है। 18 वर्ष से कम आयु के श्रमिक केवल अपने देश के रोजगार की कानूनी आवश्यकताओं (जैसे कि काम करने के समय और काम की परिस्थितियों के संबंध में) और शिक्षा या प्रशिक्षण के संबंध में किसी भी आवश्यकता के अधीन और उसके अनुसार हीं काम करेंगे।

## HUMAN RIGHTS AND FAIR LABOR PRACTICES

### CHILD LABOR

The supplier shall not employ children under the legal age of employment in any country or local jurisdiction. The supplier shall apply a minimum working age of 15 years, even where local legislation permits younger children to be employed. Workers under the age of 18 shall only perform work in accordance with legal requirements of their country of employment (e.g. with regards to working time and working conditions) and subject to any requirement regarding education or training.

### बेगारी काम

आपूर्तिकर्ता किसी भी प्रकार के बाध्य श्रम या बंधुआ मजदूरी के मुद्दे पर निरन्तर कठोर रुख अपनाते हुए किसी भी श्रमिक को जबरदस्ती काम कराने के लिए बाध्य नहीं करेंगे । सभी श्रम स्वैच्छिक होने चाहिए। श्रमिकों को अपने पहचान दस्तावेजों (जैसे पासपोर्ट, कार्य परमिट या किसी अन्य व्यक्तिगत कानूनी दस्तावेजों) पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। आपूर्तिकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि श्रमिक, बहाली प्रक्रिया के दौरान और रोजगार की अवधि में अथवा रोजगार प्राप्ति के लिए, किसी भी प्रकार का कोई भी शुल्क का भुगतान न करें | जहां कानूनी रूप से आवश्यक है, आपूर्तिकर्ता श्रमिकों से संबंधित सभी शुल्क और व्यय (जैसे लाइसेंस और कर) के भुगतान के लिए जिम्मेदार होंगे ।

कोई भी सजा, मानसिक प्रताड़ना या शारीरिक जबरदस्ती के साथ-साथ किसी भी रूप में मानव तस्करी निषिद्ध है। अनुशासनात्मक नीतियों और प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाएगा और श्रमिकों को सूचित किया जाएगा।

### FORCED LABOR

The supplier shall not use any form of forced, bonded, compulsory labor or modern forms of slavery. All labor must be voluntary. Workers must be allowed to maintain control over their identification documents (e.g. passports, work permits or any other personal legal documents). The supplier shall ensure that workers do not pay fees or make any payment connected to obtaining employment throughout the hiring process and the employment period. The supplier shall be responsible for payment of all fees and expenses (e.g. licenses and levies) relating to workers, where legally required.

Punishment, mental and/or physical coercion as well as any other form of human trafficking are prohibited. Disciplinary policies and procedures shall be clearly defined and communicated to the workers.

### मुआवजा और काम के घंटे

आपूर्तिकर्ता सभी लागू स्थानीय कानूनों और काम के घंटों के बारे में अनिवार्य औद्योगिक मानकों का पालन करेंगे, जिसमें समयोपरि श्रम, श्रमकालीन आराम और वैतनिक अवकाश शामिल हैं।

आपूर्तिकर्ता अपने श्रमिकों को स्थानीय न्यूनतम मजदूरी कानून और लागू सामूहिक सौदेबाजी समझौतों की शर्तों के साथ-साथ उद्योग के मानकों के अनुसार मुआवजा देंगे। आपूर्तिकर्ता समयबद्ध तरीके से श्रमिकों को भुगतान करेंगे और श्रमिकों को भुगतान किए जाने के आधार पर स्पष्ट रूप से बताएंगे कि (जैसे वे जिस भाषा को समझते हैं, उसमें रोजगार दस्तावेज प्राप्त करते हैं)। यदि कानूनी रूप से अनुमति नहीं है, तो अनुशासनात्मक कार्यवाही के रूप में मजदूरी से कटौती की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

### COMPENSATION AND WORKING HOURS

The supplier shall comply with all applicable local laws and mandatory industry standards regarding working hours, including overtime, rest breaks and paid vacation.

The supplier shall compensate its workers in accordance with local minimum wage legislation and terms of applicable collective bargaining agreements as well as with industry standards. The supplier shall pay workers in a timely manner and clearly convey the basis on which workers are being paid (i.e. receive employment documents in a language they understand). Deductions from wages as a disciplinary measure shall not be allowed, if not legally permitted.

### संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता:

आपूर्तिकर्ता के कर्मचारियों को अपनी पसंद के संघ/कर्मचारी प्रतिनिधित्व में शामिल होने या न होने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, खतरे या धमकी से मुक्त होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता लागू स्थानीय कानूनों के अनुसार सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार को मान्यता देता है और उसका सम्मान करता है।

### FREEDOM OF ASSOCIATION AND COLLECTIVE BARGAINING

The employees of the supplier must be free to join or not to join a union/employee representation of their choice, free from threat or intimidation. The supplier recognizes and respects the right to collective bargaining in accordance with applicable local laws.

### विविधता और समावेशन

आपूर्तिकर्ता एक समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देंगे जो अपने कर्मचारियों की विविधता को महत्व देता है।

आपूर्तिकर्ता समान अवसरों के लिए प्रतिबद्ध होंगे एवं लिंग, जाती और राष्ट्रीय मूल, जाति, रंग, धर्म, आयु, विकलांगता, यौन अभिविन्यास और पहचान, या कानून द्वारा संरक्षित किसी भी अन्य विशेषाधिकार के नाम पर भेदभाव या उत्पीड़न को सहन या भेदभाव नहीं करेंगे एवं सभी कर्मचारियों के साथ निष्पक्ष संव्यवहार रखेंगे।

### DIVERSITY AND INCLUSION

The supplier shall promote an inclusive work environment that values the diversity of its employees.

The supplier shall be committed to equal opportunities and not discriminate or tolerate discrimination or harassment with respect to gender, ethnic and national origin, race, color, religion, age, disability, sexual orientation and identity, or any other characteristic protected by law.

## स्वास्थ्य और सुरक्षा

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता व्यवसाय के लिए उपयुक्त स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन दृष्टिकोण लागू करके उच्च स्तर पर व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के मानकों को लागू करने का प्रयास करेंगे।

आपूर्तिकर्ता पीने का पानी, कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए, तीसरे पक्ष की सुरक्षा और दुर्घटनाओं, चोटों और काम से संबंधित बीमारियों को रोकने के लिए, लागू व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों का अनुपालन करेंगे और काम करने के लिए अच्छा एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करेंगे जो अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता हो । इसमें नियमित कार्यस्थल जोखिम मूल्यांकन और उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) के प्रावधान सहित पर्याप्त खतरा नियंत्रण और एहतियाती उपायों का कार्यान्वयन शामिल है। कर्मचारियों को उनकी समझ में आने वाली भाषा में स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों पर पर्याप्त शिक्षित और प्रशिक्षित किया जाना है।

## HEALTH & SAFETY

We expect our suppliers to strive to implement the standards of occupational health and safety at a high level by applying a health and safety management approach appropriate for the business.

The supplier shall comply with applicable occupational health and safety regulations and provide a work environment that is safe and conducive to good health e.g. drinking water, in order to preserve the safety and health of employees, safeguard third parties and prevent accidents, injuries and work-related illnesses. This includes regular workplace risk assessments and the implementation of adequate hazard control and precautionary measures, including the provision of appropriate Personal Protective Equipment (PPE). Employees are to be adequately educated and trained in health and safety issues in a language they understand.

## डेटा सुरक्षा, सूचना सुरक्षा और सूचना का प्रकटीकरण

आपूर्तिकर्ता, विशेष रूप से ग्राहकों, उपभोक्ताओं, कर्मचारियों और शेयरधारकों के व्यक्तिगत विवरण (डेटा) के संबंध में, व्यक्तिगत विवरण की सुरक्षा, साथ ही संबंधित विनियमन, जैसे कि डेटा/विवरण संरक्षण कानूनों (GDPR) का पालन करेंगे । आपूर्तिकर्ता सभी उक्त आवश्यकताओं का अनुपालन करेंगे जो कि व्यक्तिगत विवरण को एकत्र, दर्ज, होस्ट, संसाधित, प्रेषित, उपयोग या मिटाए जाने पर लागू होंगे ।

DHL Group के साथ व्यापारिक संबंधों के दौरान और उसके बाद उनके नियंत्रण के लिए सौंपे गए किसी भी विवरण के संबंध में आपूर्तिकर्ताओं के लिए लागू सूचना सुरक्षा आवश्यकताएँ अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आधारित होती हैं, जैसे कि सूचना सुरक्षा प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश। आपूर्तिकर्ताओं को कंपनी की गोपनीय और स्वामित्व वाली जानकारी की सुरक्षा, अखंडता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है । आपूर्तिकर्ता सूचना के सम्पूर्ण काल में आवश्यकतानुसार सूचना की सुरक्षा एवं उसके नियंत्रण को सुनिश्चित करेंगे। आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सुनिश्चित की जाने वाली सूचना की सुरक्षा एवं नियंत्रण उसकी संवेदनशीलता, मूल्य और महत्वपूर्णता के परिपेक्ष्य में निर्धारित किए जाने की आवश्यकता होनी चाहिए।

आपूर्तिकर्ता सुरक्षित और गोपनीय जानकारी का केवल उचित उपयोग करेंगे। आपूर्तिकर्ता डेटा सुरक्षा और सूचना सुरक्षा पर हर संविदात्मक आवश्यकताओं का अनुपालन करेंगे और ऐसी किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं करेंगे जिसके बारे में आम तौर पर जनता को पता नहीं है।

## DATA PROTECTION, INFORMATION SECURITY, AND DISCLOSURE OF INFORMATION

The supplier shall adhere to applicable data protection laws, including security of personal data, as well as to respective regulation, e.g. GDPR, in particular with regard to personal data of customers, consumers, employees and shareholders. The supplier shall comply with all said requirements when personal data is collected, recorded, hosted, processed, transmitted, used or erased.

The information security requirements applicable to suppliers with regards to any data entrusted to their control during and after their engagement with DHL Group are based on international standards, such as the Code of Practice for Information Security Management. Suppliers should take account of the need to protect the confidentiality, integrity and availability of information. At all times the required level of information security and control to be ensured by suppliers must be commensurate with the sensitivity, value and criticality of the information being processed throughout the lifecycle of the information.

The supplier shall safeguard and make only appropriate use of confidential information. The supplier shall comply with any contractual requirements on data protection and information security and shall not disclose any information that is not known to the general public.

## घूसखोरी और भ्रष्टाचार

आपूर्तिकर्ता सभी लागू राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने के लिए अनुचित तरीके से किसी आधिकारिक कार्य को प्रभावित करने या अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार का लाभ (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) अवैध, अनैतिक तथा प्रतिबंधित है । इसमें गैर-विवेकाधीन कार्यों के लिए सार्वजनिक अधिकारियों को प्रदान किए गए तथाकथित सुविधा भुगतान या अन्य लाभ भी शामिल हैं।

## BRIBERY AND CORRUPTION

The supplier shall comply with all applicable national and international anti-corruption laws and regulations. The supplier shall not (neither directly nor indirectly) offer, provide or accept anything of value to improperly influence an official act or to secure an improper advantage in order to obtain or retain business. This includes so-called facilitation payments or other benefits provided to public officials for routine non-discretionary actions.

## व्यापार विनियमन

आपूर्तिकर्ता सभी लागू निर्यात नियंत्रण, प्रतिबंधों और सीमा शुल्क कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे, जिनमें निषेध और प्रतिबंध ("व्यापार कानून") शामिल हैं। आपूर्तिकर्ता विशेष रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि आपूर्तिकर्ता, उसके लाभकारी मालिक (ओं), उसके सभी प्रतिनिधिओं एवं दलालों और आपूर्तिकर्ता द्वारा उपयोग किए जाने वाले किसी भी अन्य उप- आपूर्तिकर्ता को किसी भी लागू निषेध पार्टी प्रतिबंध सूची में सूचीबद्ध नहीं किया गया है।

## TRADE REGULATION

The supplier shall comply with all applicable export control, sanctions and customs laws and regulations, including Prohibitions & Restrictions ("Trade Laws"). The supplier in particular ensures that the supplier, its beneficial owner(s), all its agents and any other subcontractors used by the supplier are not listed on any applicable Denied Party sanctions lists.

## काले धन को वैध बनाना और वित्तीय अभिलेख

आपूर्तिकर्ता काले धन से सम्बंधित गतिविधियों से निपटने के लिए बनाये गए लागू कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे । आपूर्तिकर्ता लागू कानूनों और नियमों के अनुसार वित्तीय अभिलेख और विवरण सुरक्षित बनाए रखेंगे।

## MONEY LAUNDERING & FINANCIAL RECORDS

The supplier shall comply with applicable laws and regulations designed to combat money laundering activities. The supplier shall maintain financial records and reports according to applicable laws and regulations.

## खुली प्रतियोगिता

आपूर्तिकर्ता लागू प्रतिस्पर्धा और अविश्वास कानूनों का पालन करेंगे।

## FREE COMPETITION

The supplier shall comply with applicable competition and anti-trust laws.

## हितों का टकराव

किसी भी व्यक्तिगत या वित्तीय हित, किसी भी व्यवसाय या व्यक्तिगत गतिविधि या संबंध, पूर्व या वर्तमान रोजगार, या किसी भी दायित्व, जो निष्पक्ष रूप से नौकरी कर्तव्यों और जिम्मेदारियों या निष्पक्ष स्वतंत्रता और निष्पक्षता प्रदर्शन करने की क्षमता में हस्तक्षेप कर सकता है, तो यह आपका दायित्व बनता है कि कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हितों के लिए काम करें और ऐसी स्थितियों से अवश्य ही बचें जो हितों के टकराव से संबद्ध हों या ऐसा होने का आभास देती हो । हितों के टकराव में कुछ परिस्थितियां सम्मिलित हैं जैसे कि आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ व्यापार की निगरानी या संचालन करते हैं जिसके साथ आपका करीबी व्यक्तिगत संबंध है जो रक्त या विवाह, साझेदारी, भागीदारी या व्यापार साझेदारों, या प्रतियोगियों द्वारा निवेश इत्यादि से बने हैं ।

आपूर्तिकर्ता DHL Group के साथ अपनी गतिविधियों से संबंधित किसी भी वास्तविक या संभावित हितों के टकराव का तुरंत खुलासा करेंगे।

## CONFLICTS OF INTEREST

A conflict of interest is any personal or financial interest, any business or personal activity or relationship, prior or current employment, or any obligation that may interfere with the ability to objectively perform job duties and responsibilities or impair independence and objectivity. Such conflict of interest situations include critical relationships such as a relationship by blood or marriage, partnership, participation or an investment in business partners or competitors. The supplier shall immediately disclose any actual or potential conflict of interest related to its activities with DHL Group.

## पर्यावरण

आपूर्तिकर्ता सभी लागू पर्यावरण कानूनों, विनियमों और मानकों के साथ-साथ पर्यावरण के लिए संभावित खतरों की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए एक प्रभावी प्रणाली को लागू करेंगे।

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता उन उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से DHL Group की पर्यावरण और जलवायु सुरक्षा प्रतिबद्धताओं का समर्थन करने का प्रयास करेंगे, जिन्हें पर्यावरणीय प्रभाव को ध्यान में रखकर कुशलतापूर्वक किया जाना चाहिए।

DHL Group यह भी अपेक्षा करता है कि इसके आपूर्तिकर्ता DHL Group के अनुरोध पर पर्यावरण और जलवायु संरक्षण पर प्रासंगिक डेटा प्रदान करेंगे।

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता अपने स्वयं के संचालन में पर्यावरण और जलवायु संरक्षण को उचित रूप से ध्यान में रखेंगे, जैसे की जलवायु संरक्षण का लक्ष्य निर्धारण करना और उन्हें प्राप्त करना |

## ENVIRONMENT

The supplier shall comply with all applicable environmental laws, regulations and standards as well as implement an effective system to identify and eliminate potential hazards to the environment.

We expect our suppliers to strive to support DHL Group's environmental and climate protection commitments through the products and services they deliver, which should be done efficiently by taking the environmental impact into consideration.

DHL Group also expects its suppliers to report relevant data on environmental and climate protection upon request.

We expect our suppliers to take environmental and climate protection appropriately into account in their own operations, for example, by setting climate protection goals for themselves and achieving them.

## संघर्ष खनिज

आपूर्तिकर्ता संघर्ष खनिज एवं उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जहां मानव अधिकारों के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार, सशस्त्र समूहों के वित्तपोषण या इसी तरह के नकारात्मक प्रभाव की संभावना हो सकती है, से खनिजों और सामग्रियों की प्राप्ति से सम्बंधित सभी लागू कानूनों का पालन करेंगे ।

## CONFLICT MINERALS

The supplier shall comply with all applicable laws and resulting due diligence obligations with respect to the sourcing of minerals and materials from conflict affected regions and high-risk areas, which may contribute to human rights abuses, corruption, the financing of armed groups or similar negative effects.

## समुदाय तक पहुँच

DHL Group आपूर्तिकर्ताओं को अपने स्थानीय समुदायों को वापस देने और उनको निरंतर विकास लक्ष्यों को दर्शाने वाली पहल और गतिविधियों में संलग्न करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## COMMUNITY OUTREACH

DHL Group encourages suppliers to give back to their local communities and engage in initiatives and activities that reflect the UN Sustainable Development Goals.

## व्यापार निरंतरता योजना

आपूर्तिकर्ता अपने व्यवसाय के किसी भी व्यवधान (जैसे प्राकृतिक आपदाओं, आतंकवाद, आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों, संचारी रोग के प्रकोप -महामारी, सूचना सुरक्षा मुद्दों, साइबर हमलों) के लिए तैयार रहेंगे। इस तैयारियों में व्यावसायिक निरंतरता योजनाएं शामिल हैं जो कर्मचारियों के साथ-साथ पर्यावरण दोनों को हीं संचालन के क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली संभावित गंभीर व्यवधानों के प्रभाव से बचाती हैं, ।

## BUSINESS CONTINUITY PLANNING

The supplier shall be prepared for any disruptions of its business (e.g. natural disasters, terrorism, supply chain disruptions, communicable disease outbreaks – epidemics or pandemics, information security issues, cyber-attacks). This preparedness includes business continuity plans that protect both employees as well as the environment from the effects of possible serious disruptions that may arise within the domain of operations.

## व्यापार भागीदार संवाद

आपूर्तिकर्ता अपने संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने के हेतु समकक्ष मानकों उदाहरण के तौर पर नैतिक मानकों, आपूर्तिकर्ता की स्वयं की अचार संहिता, को लागू करेगा

## BUSINESS PARTNER DIALOGUE

The supplier shall implement equivalent standards e.g. ethical standards, to the ones laid out in this SCoC for their own suppliers, as part of fulfilling their contractual obligations.

## परस्पर सम्मान और कर्तव्य

सभी आपूर्तिकर्ताओं को DHL Group के कर्मचारियों के साथ सम्मान और सद्भाव के साथ कार्य करने और बातचीत बातचीत करना आवश्यक है।

आपूर्तिकर्ता को संपत्ति और सौंपे गए उपकरणों के उपयोग में उचित देखभाल इस प्रकार करना है, जैसे कि संपत्ति उनकी अपनी हो।

DHL Group ट्रेडमार्क या ब्रांड को ले जाने वाली संपत्ति या सामग्रियों का उपयोग करते समय, सभी आपूर्तिकर्ता विशेष देखभाल करेंगे क्योंकि उनकी कोई भी क्रिया या गतिविधि DHL Group से संबद्धित हो सकती है। सभी आपूर्तिकर्ताओं को ब्रांडेड या ट्रेडमार्क वाली सामग्री या उपकरण के किसी भी अनाधिकृत उपयोग से बचना है। इसे DHL Group के ब्रांडेड या ट्रेडमार्क वाली सामग्रियों और उपकरणों का दुरुपयोग माना जाता है, यहां तक कि असंगतता मात्र का आभास हो तो भी ।

## RESPECT AND DUTY OF CARE

All Suppliers are required to act and interact with respect and in good faith with employees of DHL Group.

Suppliers are to exercise due care in the use of property and equipment entrusted to them, as if the property is their own.

When using property or materials that carry a DHL Group trademark or brand, all suppliers shall exercise particular care as any of their actions or activities may be associated with DHL Group. Any unauthorized use of branded or trademarked materials or equipment is to be avoided. It is considered a misuse of DHL Group branded or trademarked materials and equipment if even an appearance of impropriety can be inferred.

## आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का अनुपालन

DHL Group के पास इस आपूर्तिकर्ता अचार संहिता (SCoC) की आवश्यकताओं के अनुपालन की जांच करने का अधिकार सुरक्षित है, उदाहरण के लिए DHL Group इसकी जाँच या तो स्वमूल्यांकन के जरिये खुद कर सकता है, या किसी तीसरे पक्ष द्वारा इसका लेखा परीक्षा करा सकता है । आपूर्तिकर्ता निरंतर सुधार के लिए प्रयास करेगा, जैसे कि पर्यावरण पर औसत दर्जे का लक्ष्य निर्धारित करना, काम करने की स्थिति या विविधता, और स्थिरता के लिए प्रगति पर रिपोर्ट करना। यदि एक उल्लंघन की पहचान की जाती है, तो आपूर्तिकर्ता एक घटना रिपोर्ट बनाएगा और एक सुधारात्मक कार्रवाई योजना पेश करेगा ।

इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता में निर्धारित नियम और शर्तें DHL Group के मूल्यों और उसके ग्राहकों, हम जिन समुदायों की सेवा करते हैं, और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इसलिए, इन नियमों और शर्तों के किसी भी उल्लंघन को ठीक किया जाना चाहिए। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्तिकर्ता आचार संहिता के निर्धारित नियमों और शर्तों के उल्लंघन तथा सुधारात्मक कार्रवाई में किसी भी प्रकार की विफलता की स्थिति में, DHL Group, किसी भी अन्य संविदात्मक उपायों को संरक्षित रखते हुए, आपूर्तिकर्ता के साथ अपने वाणिज्य संबंधों को निरस्त करने पर विचार कर सकता है ।

## COMPLIANCE WITH THE SUPPLIER CODE OF CONDUCT

DHL Group reserves the right to check compliance with the requirements of this SCoC, for example through self-assessments and audits either by DHL Group or a third party. The supplier shall strive for continuous improvement, such as setting measurable targets on the environment, working conditions or diversity, and reporting on progress for sustainability. In case a breach is identified, the supplier shall create an incident report and present a corrective action plan.

The terms and conditions set forth in this Supplier Code of Conduct reflect DHL Group's values and commitment to its customers, the communities which we serve and the protection of the environment. Therefore, any breach of these terms and conditions must be cured. Without prejudice to any other contractual remedies DHL Group may be entitled to, any failure to cure such a breach immediately will cause DHL Group to consider ending the commercial relationship.

## अनियमितताओं को रिपोर्ट करना

यदि आप कानून के संदिग्ध उल्लंघन, या इस SCoC के किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट करना चाहते हैं, तो आप https://group.dhl.com/incident-reporting-system के ज़रिये DHL Group के अनुपालन प्रबंधन (Compliance Management) से संपर्क कर सकते हैं।

## REPORTING IRREGULARITIES

In case you wish to report suspected breaches of law, or any violation of this SCoC, you can contact the Compliance Management of DHL Group via https://group.dhl.com/incident-reporting-system

## निरंतर सुधार

आपूर्तिकर्ता उन नए विचारों के साथ DHL Group से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जो आगे सामाजिक, आर्थिक या पर्यावरणीय सुधार में योगदान करते हैं। DHL Group नए विचारों के खुले आदान-प्रदान को महत्व देता है और आपूर्तिकर्ताओं के साथ संयुक्त रूप से नए अवसरों का पता लगाने के लिए तैयार है।

## CONTINUOUS IMPROVEMENT

The supplier shall feel encouraged to proactively approach DHL Group with innovative ideas which contribute to further social, economic or environmental improvement. DHL Group values the open exchange of new ideas and is willing to explore new opportunities jointly with suppliers.